AET1 & AET2

Asian and Middle Eastern Studies Tripos, Part IB and Part II

Friday 02 June 2017 9 to 12.00 pm

Paper MES21 and MES43

Elementary Hindi Language

*Answer **all** questions.*

*Write your number **not** your name on the cover sheet of each answer booklet.*

STATIONERY REQUIREMENTS

20 page answer booklet

Rough Work Pad

SPECIAL REQUIREMENTS TO BE SUPPLIED FOR THIS EXAMINATION

None

You may not start to read the questions printed on the subsequent pages of this question paper until instructed to do so.

Section A

1. **Read the following text and answer the questions below in Hindi:**

मेरा नाम संगीता है। मैं पिछले कुछ महीनों से अपने पिताजी की यादों के बारे में अपनी डायरी लिख रही थी। मुझे यह डर था कि अगर मैंने वो डायरी घर में रखी तो ज़रूर खो जाएगी। फिर भी, इतने दिन जब लिख रही थी तब तो खोई नहीं, फिर अचानक कैसे? दो दिन बीत गए हैं एक छोटे से कमरे में ढूँढते हुए। अपनी सारी पुरानी किताबें छान मारीं, पर कुछ पता नहीं। कहाँ ढूँढूँ उस डायरी को? मम्मी मुझे टुकटुकी आँखों से देखे जा रही हैं कि आख़िर इसका खो क्या गया? कहीं मम्मी ने ही तो रद्दी में नहीं बेच दी? क्या पता किसी ने पढ़ ली हो? डायरी में उनके बारे में जो लिखा था मैंने।

बड़ा भाई और माँ मेरे सामने उनका नाम कभी नहीं लेते, कहीं मैं उन्हें याद ना करूँ। वे लोग मुझे बहुत कमज़ोर समझते हैं। समझते हैं कि उनकी यादों को दोहरा कर मैं दुखी हो जाऊँगी। पर उन्हें क्या पता। उन यादों को अब मैं अपनी डायरी में समेटने लगी थी।

मैं तो याद आने पर लिखती थी पर माँ रोज़ ही लिखती थीं। जाने सोच के कितने पहलुओं को डायरियों में उतारा उन्होंने। मैंने तो अभी शुरू ही किया था। पर आज दिमाग़ बिलकुल थका हुआ, भारी बोझ की तरह ज़मीन पर घिसटता हुआ महसूस हो रहा है। ऊपर से मम्मी भी काम का टेंशन दे रही हैं, कि बारिश का पानी घर में भर गया है, उसे बाहर निकाल। आज मम्मी की बात मानने का मेरा बिलकुल मन नहीं। हो ना हो, मम्मी ने ही मेरी डायरी ग़ायब की होगी। या हो सकता है मेरे भाई ने ... पर मैं दोनों से ही पूछ नहीं सकती क्योंकि मैंने तो उन्हें उस डायरी के बारे में बताया नहीं है।

1. संगीता को अपनी डायरी के बारे में क्या डर था?
2. संगीता को डायरी के बारे में कैसे ख़्याल परेशान कर रहे थे?
3. बड़े भाई और मम्मी, संगीता के सामने पिताजी का नाम क्यों नहीं लेना चाहते थे?
4. संगीता क्यों आज मम्मी की बात मानना नहीं चाहती?
5. संगीता डायरी के बारे में क्यों पूछ नहीं सकती?

(20 marks)

2. Write out the complete sentences with the correct forms of the verbs given in brackets

वैसे मैं अपने निजी जीवन में काफ़ी ध्यान से काम .... 1. (करना) हूं। फिर भी कभी-कभी छोटी-मोटी भूल हो ही .... 2. (जाना) है। एक बार एक दोस्त को चिट्ठी .... 3. (लिखना), तो बजाय "भाभी जी को नमस्ते और बच्चों को प्यार" .... 4. (लिखना) के, "मैं भाभी जी को प्यार और बच्चों को नमस्ते" लिख .... 5. (जाना)। नतीजा यह .... 6. (होना) कि वह दोस्त अभी भी मुझे शक-भरी आँखों से .... 7. (देखना) है।

इसी तरह एक बार सहारनपुर की रेलगाड़ी में बैठने के बजाय जौनपुर की रेलगाड़ी में बैठ .... 8. (जाना), जिस से बड़ी परेशानी .... 9. (होना)। यह ग़लती इसलिए .... 10. (होना) कि दोनों गाडियाँ प्रयाग स्टेशन से लगभग एक ही समय पर .... 11. (छूटना) थीं। पटना में था, तो एक बार गवर्नर की तरफ़ से चाय का बुलावा .... 12. (आना)। वहाँ शायद गणतंत्र दिवस के मौक़े पर चाय की दावत थी। वहाँ एक पुराना दोस्त मिल .... 13. (जाना)। पता नहीं हम लोगों ने कितनी बातें .... 14. (करना)। काफ़ी देर बाद एक पुलिस अफसर ने .... 15. (बताना) कि "जन गण मन" गाया जा ....16. (चुकना) है। उस रात शर्म के मारे नींद नहीं .... 17. (आना)।

एक बार सरकारी काम से मुंबई .... 18. (जाना)। एयर इंडिया के दफ़्तर में कुछ काम था। वहाँ उन दिनों कांग्रेस का अधिवेशन .... 19. (चलना) रहा था। दिल्ली वापस आने के लिए किसी ट्रेन में कोई सीट नहीं .... 20. (मिलना) रही थी।

(20 marks)

(TURN OVER)

Section B

3. Translate the following passage into English

शादी से पहले मुझे यह जानकर बड़ी ख़ुशी हुई थी कि मेरे भावी पति एक लेखक हैं। उस समय सोचती थी, "मुझे उनकी नई-नई रचनाएँ पढ़ने को मिलेंगी।" वैसे पढ़ने का शौक़ मुझे बचपन से ही है। सोचती थी - "क्या जोड़ी रहेगी! पति लेखक और पत्नी पाठक!" लेकिन शादी के बाद जब मैंने अपने पति की रचनाएं देखीं, तो सिर पकड़ लिया। रचनाएँ तो ठीक ही रहती हैं, पर सबसे बड़ी समस्या है इनके हाथ की लिखाई। अपना लिखा हुआ ये ख़ुद ही नहीं पढ़ पाते, फिर और कोई क्या पढ़ेगा! ख़ैर, पढ़ने की बात तो किसी तरह हो जाती है। समस्या तब से शुरू हुई जब से मुझे इनकी रचनाएँ नकल करनी पड़ी हैं। पहले तो कुछ कम ही लिखते थे, इसलिए काम चल जाता था। पिछले साल से रचनाएँ अधिक छपने लगी हैं, मेरी मुसीबत और भी बढ़ गई है। इनका नाम यूँ ही बढ़ता रहा, तो मैं इनकी पत्नी न रहकर, नकल करने की मशीन बनकर रह जाऊँगी।

(15 marks)

4. Translate the following passage into Hindi:

In the morning Ram and Lakshman went to look for flowers for puja. They began to pick flowers in the king's garden, in which there were several kinds of trees and many colorful flowers.

At that very moment Sita arrived there with many beautiful girl friends. Her mother had sent her to worship Parvati. In the garden was Parvati's temple, which is so beautiful that it cannot be described. Having gone into the temple, Sita worshipped Parvati. Just then one girl friend, having gone out of the temple, went to look at the flowers. Having gone there, she saw the two brothers. Quickly she returned to Sita. On her face was a strange sort of smile. All the girls began to ask her, "What is it? Tell us." She said, "Two princes have come to see the garden. They are in all ways handsome." Having heard this, and understanding the thought in Sita's heart, the girls became very happy. Then, one girl began to say, "This is that very same prince about whom there was talk today." Hearing this, Sita began to look in all four directions.

(15 marks)

END OF PAPER